QUARTERLY EXAMINATION : 2021-22

CLASS - IX (ICSE)

Time : 3 hrs. **HINDI** M.M.: 80

Note :* Answer to this paper must be written on the paper provided separately.

* You will **not** be allowed to write during the first **15** minutes.

* This time is to be spent in reading the question paper.

* The time given at the head of this paper is the time allowed for writing the answers.

* This paper consist of two section. **Section 'A'** and **Section 'B'**. Attempt **all** the questions from **Section 'A'** .

* Attempt any **four** questions from **Section 'B' One** question from each of the **two** books you have studied and any other two questions from the same section.

* The intended marks for questions or parts of questions are given in brackets [ ].

**SECTION 'A' [40 Marks]**

**Attempt all questions.**

Q.1. Write a short composition in Hindi of approximately 250 words on anyone of the following topics: [15]

निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 250 शब्दों में प्रस्ताव (निबन्ध) लिखिए–

i) भारत त्योहारों का देश है। समय–समय पर आने वाले त्योहार जीवन में उल्लास एवं उमंग का संचार करते हैं। साथ ही अपनी संस्कृति से भी जोड़े रखते हैं–परंतु आज त्योहारों के प्रति लोगों की मानसिकता में बदलाव आ रहा है।'

ii) आज समाज के हर क्षेत्र में भ्रष्टाचार बढ़ता जा रहा है। इसके कारणों, दुष्प्रभाव तथा समाधान के उपायों पर अपने विचार प्रकट कीजिए।

iii) 'देश के निर्माण और उज्ज्वल भविष्य के लिए विद्यार्थियों की भूमिका असंदिग्ध है क्योंकि आज के विद्यार्थी ही देश के भावी कर्णधार हैं।' विवेचना कीजिए।

iv) प्रदूषण ने मानव जीवन को कई रूपों में प्रभावित किया है। प्रदूषण के कारणों, दुष्परिणामों तथा इस पर नियंत्रण के उपायों पर अपने विचार प्रकट कीजिए।

v) 'मन के हारे हार है मन के जीते जीत'–इस उक्ति को आधार बनाकर कोई मौलिक कहानी लिखिए।

vi) नीचे दिए गए चित्र को ध्यान से देखिए। चित्र को आधार बनाकर उसका परिचय देते हुए कोई लेख, घटना अथवा कहानी लिखिए जिसका सीधा व स्पष्ट सम्बन्ध चित्र से होना चाहिए।



Q.2. Write a letter in Hindi of approximately 120 words on any one of the topics given below: [7]

निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर हिन्दी में लगभग 120 शब्दों में पत्र लिखिए–

i) किसी दैनिक समाचार–पत्र के संपादक को अपने नगर में फैली गंदी बस्तियों की ओर प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराने हेतु पत्र लिखिए।

ii) आपका मित्र किसी खेल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए विदेश जा रहा है। मंगलकामना करते हुए उसे पत्र लिखिए।

Q.3. Read the passage given below and answer in Hindi the questions that follow, using your own language as far as possible:

निम्नलिखित अवतरण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए। उत्तर यथासम्भव आपके अपने शब्दों में होने चाहिए–

एक बहुत पहुँचे हुए महात्मा थे। वे किसी से भीख नहीं माँगते थे। वे किसी से भीख नहीं माँगते, टोपी सिलकर अपनी गुज़र–बसर करते थे। एक टोपी की कीमत सिर्फ दो पैसे लेते। इनमें से जो याचक पहले मिलता, उसे एक दे देते। बचे हुए एक पैसे से पेट भरते। इस प्रकार जब तक दोनों पैसों का सदुपयोग नहीं हो जाता, तब तक नई टोपी नहीं सिलते। भजन ही करते रहते।

उनका एक धनी शिष्य था, जिसने दान के लिए कुछ रकम निकाल रखी थी। उसने एक दिन पूछा,

''गुरुदेव! मैं किसको दान करूँ।'' महात्मा ने कहा, ''जिसे सुपात्र समझो, उसी को दान करो।'' शिष्य ने रास्ते में एक गरीब अंधे को देखा और उसे सुपात्र समझकर एक सोने की मोहर दे दी। दूसरे दिन शिष्य उसी रास्ते से फिर निकला। पहले दिन वाला अंधा दूसरे अंधे से कह रहा था कि कल एक आदमी ने मुझको एक सोने की मोहर दी थी, मैंने उससे खूब शराब पी। शिष्य को यह सुनकर बड़ा खेद हुआ। उसने महात्मा के पास आकर सारा हाल कहा। महात्मा उसके हाथ में एक पैसा देकर बोले, ''जा, जो सबसे पहले मिले उसी को पैसा दे देना'' यह पैसा टोपी सिलकर कमाया हुआ था।

शिष्य पैसा लेकर निकला। उसे एक मनुष्य मिला ; उसने उसे पैसा दे दिया और उसके पीछे–पीछे चलना शुरू कर दिया। वह मनुष्य एक निर्जन स्थान पर गया और अपने कपड़ों में छिपाए हुए मरे पक्षी को निकालकर फेंक दिया। शिष्य ने उससे पूछा, ''तुमने मरे हुए पक्षी को कपड़ों में क्यों छिपाया था और क्यों निकाल कर फेंक दिया ?'' उसने कहा, ''आज सात दिन से मेरे कुटुम्ब को अन्न का दाना तक नसीब नहीं हुआ है। किसी के आगे हाथ फैलाना या गिड़गिड़ाना मेरी मर्यादा के विपरीत है। आज इस जगह पक्षी को पड़ा देख मैंने लाचार होकर अपनी और परिवार की भूख मिटाने के लिए पक्षी उठा लिया था और इसे लेकर मैं घर जा रहा था। आपने मुझे बिना माँगे ही पैसा दे दिया, इसलिए अब मुझे मरे पक्षी की आवश्यकता नहीं रही। अतएव जहाँ से उठाया था, वहीं लाकर डाल दिया।''

शिष्य उसकी बात सुनकर दंग–सा रह गया। उसने महात्मा के पास जाकर सब वृत्तांत कहा। महात्मा बोले, ''इससे स्पष्ट होता है कि अन्यायपूर्वक कमाया गया धन दुराचार में ही लगता है और न्यायपूर्वक कमाया गया धन ही अच्छे काम में लगता है।''

i) महात्मा अपना जीवन कैसे बिताते थे ? [2]

ii) महात्मा से किसने और क्या सलाह ली ? महात्मा ने उसे क्या सलाह दी ? [2]

iii) अंधों के बीच क्या वार्तालाप चल रहा था? उस वार्तालाप को सुनकर किसे दुख हुआ और क्यों? [2]

iv) शिष्य ने किस मनुष्य का पीछा किया और क्यों ? पीछा करते हुए शिष्य कहाँ पहुँचा ? उसने वहाँ क्या देखा ? [2]

ड) इस प्रकार महात्मा अपने शिष्य को क्या सलाह देते हैं ? [2]

Q.4. Answer the following according to the instructions given below :

निम्नलिखित के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए–

i) निम्नलिखित शब्दों से विशेषण बनाइए :– [1]
काँटा , भूख

ii) निम्नलिखित शब्दों में से किसी एक शब्द के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए :– [1]
कपड़ा , नसीब

iii) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं दो शब्दों के विपरीतार्थक शब्द लिखिए :– [1]
आयात , उपकार , सुपात्र , दुराचार।

iv) निम्नलिखित मुहावरों में से किसी एक की सहायता से वाक्य बनाइए :– [1]
भीगी बिल्ली बनना , दाँत खट्टे करना

v) भाववाचक संज्ञा बनाइये– [1]

चुनना , गरीब

vi) कोष्ठक में दिए गए निर्देशानुसार वाक्यों में परिवर्तन कीजिए :– [3]

क) तुम्हारा उत्तर सुनकर मैं संतुष्ट हुआ। ('मैं' के स्थान पर मुझे' का प्रयोग)

ख) आचार्य के शिष्य बुद्धिमान हैं। (लिंग परिवर्तन कीजिए)

ग) उसकी बात सुनकर मैं घबरा गया। ('घबराहट' का प्रयोग कीजिए)

## SECTION - B [40 Marks]

### साहित्य–सागर (संक्षिप्त कहानियाँ)

Q.5-. Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow:

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए–

''बाबू साहब की मैंने इतनी सेवा की, पर दुःख में उन्होंने साथ नहीं दिया।''

i) बाबू साहब कौन थे ? उनका परिचय दीजिए। [2]

ii) कथन का वक्ता कौन है ? उसका परिचय दीजिए। [2]

iii) वक्ता को क्या दुःख था ? उस दुःख में किसने साथ नहीं दिया और किसने साथ दिया ? [3]

iv) वक्ता ने दुःख में साथ देने वाले के प्रति किस प्रकार के भाव व्यक्त किए और उस मित्र के प्रति सम्बन्धों को भी व्यक्त कीजिए। [3]

Q.6. Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow:

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए–

''बस इतनी सी बात ! हमारे शेख साहब तो उनके भी गुरु हैं।''

i) कथन का संदर्भ स्पष्ट कीजिए। [2]

ii) कथन के वक्ता और श्रोता कौन–कौन हैं ? [2]

iii) 'बस इतनी सी बात' के माध्यम से वक्ता किसके विषय में क्या कहना चाहता है ? [3]

iv) उनके भी गुरु हैं– का अभिप्राय बताते हुए उनके और गुरु दोनों के विषय में बताइए। [3]

Q.7. Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow:

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए–

''उस दिन बड़े सवेरे श्यामू की नींद खुली तो उसने देखा कि घर भर में कुहराम मचा हुआ है। उसकी माँ नीचे से ऊपर तक एक कपड़ा ओढ़े हुए कंबल पर भूमि शयन कर रही है।''

i) बड़े सवेरे जब श्यामू की नींद खुली तो उसने क्या देखा ? [2]

ii) आसमान में उड़ती पतंग देखकर श्यामू का दिल क्यों खिल उठा ? [2]

iii) अपनी इच्छा की पूर्ति के लिए उसने पहले क्या प्रयास किया ? [3]

iv) 'काकी' कहानी का उद्‌देश्य स्पष्ट कीजिए। [3]

### साहित्य–सागर (पद्‌य–भाग)

Q.8. Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow:

निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए–

''गुरु गोविन्द दोऊ खड़े, काके लागूँ पाँय।
बलिहारी गुरु आपनो, गोविन्द दियो बताय।।''

i) कवि के सामने क्या दुविधा है और क्यों ? [2]

ii) कवि ने क्या निर्णय लिया और क्यों ? [2]

iii) 'बलिहारी गुरु आपनो' पंक्ति का भाव स्पष्ट कीजिए। [3]

iv) प्रस्तुत साखी का मूलभाव लिखिए। [3]

Q.9. Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow:

निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए–

काँकर पाथर जोरि कै, मस्जिद लई बनाय।
ता चढ़ि मुल्ला बाँग दे, क्या बहरा हुआ खुदाय।।

i) मनुष्य ने क्या–क्या जोड़कर क्या बनाया है तथा किसलिए ? [2]

ii) निम्न शब्दों के अर्थ लिखिए– बाँग, जोरि कै, काँकर, खुदाय। [2]

iii) कौन कहाँ पर बाँग देता है तथा किसलिए ? स्पष्ट कीजिए। [3]

iv) 'प्रस्तुत दोहे से कबीर के व्यक्तित्व का कौन–सा–रूप दिखाई देता है? उन्होंने इस दोहे में किस पर कटाक्ष किया है तथा क्यों ? [3]

Q.10. Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow:

निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए–

मैया, मेरी चन्द्र खिलौना लैहौं।
धौरी को पयपान न करिहौं, बेनी सिर न गुथैहौं।
मोतिन माल न धरिहौं उर पर, झुंगली कंठ न लैहौं।
जैहौं लोट धरनि पर अबहिं, तेरी गोद न ऐहौं।।

i) कृष्ण जी अपनी माता यशोदा से क्या लेने की जिद कर रहे हैं ? [2]

ii) श्री कृष्ण माता यशोदा को क्या धमकी दे रहे हैं ? [2]

iii) माता यशोदा श्रीकृष्ण को मनाने के लिए क्या कहती हैं ? [3]

iv) श्रीकृष्ण माता यशोदा को कैसी सौगंध देते हैं ? [3]

#####